एनडीए और सीडीएस प्रारंभिक परीक्षा में चयन पर अब एक लाख रुपए देगी उत्तराखंड सरकार

चर्चा में क्यों

9 जून, 2023 को उत्तराखंड के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि प्रदेश के युवाओं के एनडीए (राष्ट्रीय रक्षा अकादमी) और सीडीएस (संयुक्त रक्षा सेवाएँ) की प्रारंभिक परीक्षा में चयन पर राज्य सरकार अब एक लाख रुपए देगी। इसके लिये विभाग की ओर से प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।

प्रमुख बिंदु

- सेना में अफसर बनने का सपना लिये प्रदेश के युवाओं को राज्य सरकार मुफ्त कोचिंग के साथ ही आर्थिक और प्रोत्साहन राशि के रूप में एक लाख रुपए देने जा रही है। हालाँकि विभाग की ओर से अब तक इसके लिये 50 हज़ार रुपए दिये जा रहे हैं, लेकिन अब इस धनराशि को दोगुना किये जाने की तैयारी है।
- विभाग के अधिकारियों के मुताबिक इस योजना का लाभ उत्तराखंड के स्थायी एवं मूल निवासी उन छात्र-छात्राओं को मिलेगा, जिन्होंने 12वीं, स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाएँ राज्य के शिक्षण संस्थाओं से पास की है।
- योजना के लाभ के लिये प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम आने के एक महीने के भीतर आवेदन करना होगा। इस योजना का लाभ एक बार ही लिया जा सकेगा।
- विभाग के संयुक्त निदेशक एएस उनियाल ने बताया कि विभाग की ओर से मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की पहली बार मुफ्त कोचिंग कराई जाएगी। इसके लिये उत्तराखंड सहित दिल्ली, चंडीगढ़, हैदराबाद आदि राज्यों से एमओयू किया जाएगा। छात्रों को न सिर्फ एनडीए, सीडीएस और ओटीए बल्कि आईएएस और पीसीएस आदि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये भी तैयार किया जाएगा।
- मेधावी छात्रों के बेहतर भविष्य के लिये प्रारंभिक परीक्षा पास कर चुके छात्र-छात्राओं को सरकार मुख्य परीक्षा की तैयारी भी कराएगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttarakhand-government-will-now-give-one-lakh-rupees-on-selection-in-nda-and-cds-preliminary-exam